रांची। बुधवार को कैबिनेट ने जेपीएससी जैंसे महत्वपूर्ण निर्णय पर अपनी मुहर लगा दी है। निर्णय के अनुसार छठी जेपीएससी परीक्षा के लिये नये सिरे से फिर से आवेदन मंगाये जायेंगे। साथ ही इस परीक्षा के पैटर्न में कई आवश्यक संशोधन भी किये गये हैं। कार्मिक विभाग के सचिव निधि खरे ने यह जानकारी दी।

जानकारी के मुताबिक इस बार की जेपीएससी परीक्षा के सिलेबस में हुए बदलाव के तहत अब मेंस परीक्षा के पेपर टू का नंबर 100 से बढ़ाकर 150 कर दिया गया है। इसके साथ ही अब कुल 1050 अंकों की मेंस परीक्षा होगी, जो पहले 1000 अंकों की होती थी। इसके साथ ही मेंस एग्जाम के थर्ड पेपर में झारखंड से जुड़े लगभग 40 प्रतिशत प्रश्न पूछे जायेंगे। इसके अलावे प्रारंभिक परीक्षा की ओएमआर शीट की कार्बन कॉपी जेपीएससी अभ्यर्थियों को उपलब्ध करायेगा।

जेपीएससी के नये सिलेबस के अनुसार अब कुल 400 नंबर की पीटी परीक्षा होगी। इसमें पहला पेपर 200 तथा दूसरा पेपर भी 200 नंबर का रहेगा। दूसरे पेपर में सिर्फ झारखंड से संबधित प्रश्न ही पूछे जायेंगे। इसमें 100 सवाल 2-2 अंक के होंगे। वहीं मुख्य परीक्षा 1050 अंकों की होगी।

श्रीमती खरे ने कहा कि इस परीक्षा का विज्ञापन पिछले साल निकाला गया था। और उसी के आलोक में लोगों ने अपने फॉर्म भरे थे। इसलिए वैसे लोगों को दुबारा फॉर्म भरने की जरुरत नहीं होगी। वैसे लोग जो अब परीक्षा नहीं देना चाहेंगे उनके पैसे आयोग वापस कर देगा।

साथ ही इस एक साल की अवधि में परीक्षा के लिए मिनिमम एलिजिबिलिटी हासिल करने वाले अभ्यर्थी भी नये विज्ञापन के आलोक में फॉर्म भर सकेंगे।